# नर्मदा को प्रदूषण से बचाने की योजना अधूरी

## सीवेज प्रोजेक्ट 8 साल से लंबित, गंदा पानी सीधे नर्मदा में मिलने से बढ़ा खतरा, सामाजिक संगठनों ने जताई गंभीर चिंता

**बड़वानी, 16 नवम्बर. मां नर्मदा करोड़ों लोगों की आस्था का आधार हैं, लेकिन इसी पवित्र नदी में शहर का गंदा पानी लगातार मिलकर उसे दूषित कर रहा है.**

शहरभर की नालियों से निकलने वाला पानी पहले नदी के बहाव के साथ आगे बढ़ जाता था, लेकिन जब से सरदार सरोवर बांध का जलस्तर नियंत्रित कर पानी को रोका गया, तब से नदी का बहाव काफी धीमा हो गया है. जलभराव के कारण गंदा पानी अब नदी में ही ठहरता जा रहा है, जिससे प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है. साधु-संतों व सामाजिक संगठनों ने बताया कि नर्मदा की आस्था



और अस्तित्व को बचाने के लिए ये परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है. साधु-संतों से लेकर आम नागरिक तक उम्मीद लगाए बैठे हैं कि शासन इसे प्राथमिकता देकर जल्द पूरा कराए, ताकि पवित्र नर्मदा फिर से स्वच्छ, निर्मल और अविरल बन सके.

> शहर की गली-मोहल्ले, कॉलोनियों सहित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तक 183 किमी लंबी भूमिगत पाइपलाइन बिछाई जानी थी, लेकिन अब तक कार्य अधूरा है. शहर की सडकें जगह-जगह खोद दी गई हैं और धूल के गुबार और सड़कों की बदहाली की वजह से नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. भीलखेड़ा के समीप रोड़ किनारे लगे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के शिलान्यास पर साफ उल्लेख है कि प्रोजेक्ट जून 2025 तक पूरा होना था,

> जिम्मेदार अधिकारियों का दावा है कि अब 31 दिसंबर 2025 तक का एक्सटेंशन दिया गया है, लेकिन काम की रफ्तार देखकर यह लक्ष्य भी कठिन नजर आ रहा है. इसी ढिलाई का परिणाम है कि नर्मदा में नालों के पानी से गंदगी और बैक्टीरियां लगातार बढ़ रहे हैं. 2017 से पहले नदी का प्राकृतिक बहाव बना रहता था और गंदगी बह जाती थी, लेकिन अब जलभराव से शहर के नालों का पानी सीधे नदी में मिल रहा है, जिससे नर्मदा का अस्तित्व खतरे में है.


# चुनाव परिणाम से देश में कोई सहमत नहीं

▸ इंदौर पहुंचे रॉबर्ट वाड्रा ने कहा

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 16 नवंबर. बिहार चुनाव परिणाम से देश में कोई भी सहमत नहीं है . यह चुनाव आयोग के कारण हुआ है, यह चुनाव का ढंग नहीं है. बिहार में दोबारा चुनाव होना चाहिए, परिणाम बदले हुए आएंगे.**

यह बात कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने आज मीडिया से चर्चा में कही है. वाड्रा दो दिन के लिए इंदौर के दौरे पर आए हैं. इस दौरान वे आज खजराना गणेश मंदिर दर्शन करने भी गए. वे महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर की धार्मिक यात्रा करेंगे. आज एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा में वाड्रा ने कहा कि बिहार चुनाव में परिणाम आए हैं वे



चुनाव आयोग के कारण आए है. चुनाव निष्पक्ष होना चाहिए, यह चुनाव का ढंग नहीं है. देश की जनता बिहार चुनाव परिणाम से खुश नहीं है. हम कहेंगे तो बोलेंगे कि हार गए तो ऐसा कह रहे है. बिहार चुनाव में बेईमानी हुई है. बिहार में आंदोलन शुरू होगा. राहुल गांधी कल वहां जा रहे है और सब से मिलकर चर्चा करेंगे. इसके बाद युवाओं से आह्वान करेंगे. बिहार चुनाव में लोकतंत्र का नुकसान हुआ है.

> उन्होंने कहा ,मैं मेरे परिवार की सुरक्षा की कामना करने धार्मिक यात्रा पर आया हूं. मेरा शिव भक्ति में बहुत विश्वास है. शिव देश हित में अच्छा करने की हिम्मत देते है. वाड्रा महेश दृष्टिहीन कल्याण संघ भी गए और उन्होंने वहां दृष्टिहीन लोगों से मुलाकात कर कि कहा कि ये कैसे एक दूसरे से मिलकर रहते है.

# नवजात बच्चे को एयर एंबुलेंस से भेजा मुंबई

**हृदय रोग से पीड़ित है रीवा का रहने वाला बच्चा**

**रीवा, 16 नवम्बर, मध्यप्रदेश शासन गंभीर रोगियों को बड़े अस्पतालों तक बेहतर उपचार तक पहुंचाने के लिए एयर एंबुलेंस की सुविधा दे रही है.**

मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई इस पहल से कई गंभीर रोगियों को समय पर उपचार की सुविधा मिलने से उनके प्राणों का संकट टला है. रीवा में जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित नवजात शिशु प्रारब्ध तिवारी को एयर एंबुलेंस की सुविधा देकर उपचार के लिए मुंबई भेजा गया. उसे राष्ट्रीय बाल



स्वास्थ्य कार्य.क्रम से उपचार की निःशुल्क सुविधा दी जा रही है. बच्चे के पंजीयन के बाद अब सबसे कठिन चुनौती यह थी कि एक माह का बच्चा जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित है. उसके उपचार के लिए माता प्रियंका तथा पिता शशि भूषण तिवारी निवासी ग्राम मनकहरी ब्लॉक रायपुर कर्चुलियान चिंतित थे.

**हालत गंभीर**

बच्चा हृदय रोग की अति गंभीर समस्या से पीड़ित था तथा उसका शरीर पूरी तरह से नीला पड़ चुका था. उसे सांस लेने में तकलीफ थी और आक्सीजन लेवल घट रहा था. ऐसी स्थिति में बच्चे को तत्काल मुम्बई शिफ्ट कराना था. बच्चे को ऑक्सीजन पर रखकर एयर एंबुलेंस से भेजा गया. एयर एंबुलेंस की व्यवस्था करने में डॉ राहुल मिश्रा अधीक्षक श्याम शाह मेडिकल कालेज, रवि सिंह का विशेष सहयोग रहा. सभी के सहयोग से बच्चे को समय पर मुंबई एयरलिफ्ट किया जा सका. टीम ने बच्चे को शीघ्र स्वस्थ होने की कामना के साथ मुंबई भेजा.

## बस में रिटायर्ड डीएसपी की पत्नी के गहने चोरी

**शिवपुरी.** रिटायर्ड डीएसपी पूरनमल जैन की पत्नी के लाखों रुपए के सोने के गहने बस यात्रा के दौरान चोरी हो गए. कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. रिटायर्ड डीएसपी पूरनमल जैन ने कोतवाली पुलिस को बताया कि वह पत्नी कुसुम के साथ ग्वालियर में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे. घर पर कोई न होने से उन्होंने करीब 18 तोला सोने के गहने और 10 हजार रुपए नकद एक छोटे पर्स में रखकर बड़े बैग में सुरक्षित रख लिए थे. गहनों में दो चेन, नवरत्न सेट, क्वीन छाप सेट, मटरमाला, छह अंगूठियां, तीन जोड़ी टॉप्स, झुमकी-बाली, दो चूड़ियां और मंगलसूत्र शामिल थे.

# खेलों से हमें प्रतिस्पर्धा की प्रेरणा मिलती है : उप मुख्यमंत्री

▸ टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

**रीवा, 16 नवम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विश्वविद्यालय स्टेडियम में आयोजित स्वर्गीय भैयालाल शुक्ल टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन किया.**

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में खेलों के कई बड़े आयोजन होते रहे हैं. यहाँ के कई खिलाडियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा की चमक दिखाई है. खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं. खेलों से हमें प्रतिस्पर्धा और सहयोग की प्रेरणा मिलती है.




खेलों में शामिल होने के साथ-साथ अच्छी खेल प्रतियोगिता को देखना भी बड़ा आनंददायक होता है. राष्ट्रीय एकता मंच ने 10 से 16 नवम्बर तक f.क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया. स्वर्गीय भैयालाल शुक्ल जी के लिए जो हम लोग नहीं कर पाए उसे आयोजन समिति ने करके दिखा दिया. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय भैयालाल शुक्ल का पुत्र होने पर मुझे गौरव का अनुभव होता है. मैं यदि उनका पुत्र नहीं होता तो मैं जहाँ पर हूँ वहाँ शायद नहीं होता. पिताजी के सामाजिक कार्यों और जनता की सेवा ने यशस्वी बनाया. उनके नाम के साथ जुड़ा होने से मुझे भी बहुत प्रतिष्ठा और यश मिला.

> समारोह में विधायक नागेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए मैं सभी आयोजकों को बधाई देता हूं. खेल संयम और नियम का परिचायक होते हैं. सभी प्रतियोगिताएं खेल भावना से खेली जानी चाहिए. स्वर्गीय भैयालाल शुक्ल ने सदैव खिलाडियों को प्रोत्साहित किया. समारोह में विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने अपने विचार रखे. समारोह में आभार प्रदर्शन नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय ने किया.



**फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा ने किए भगवान महाकालेश्वर के दर्शन**

**उज्जैन, 16 नवम्बर.** फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा ने आज रविवार को उज्जैन में भगवान महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा की. उनका स्वागत मंदिर समिति के सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया ने किया.

# ग्वालियर मेले के 3 व्यापारी ब्लैक लिस्टेड

**आवंटित दुकानों से कई गुना अधिक किराया वसूला**

**ग्वालियर, 16 नवंबर. व्यापार मेले के इतिहास में पहली बार ब्लैक में दुकानें बेचने वाले तीन व्यापारियों में ज्ञानचंद गर्ग, अशोक कुमार गुप्ता और श्रीमती कमलेश शर्मा को ब्लैकलिस्ट किया गया है.**

इस वर्ष इन तीनों को कोई दुकान आवंटित नहीं की गई है. आरोप है कि इन्होंने आवंटित दुकानें कई गुना अधिक किराया लेकर संजय गोयल, सुंदर यादव और मुनेश गौड़ को दे दी थीं. यह पूरा खेल पिछले साल आगजनी के बाद मुआवजे की प्र.क्रिया के दौरान उजागर हुआ. लंबे समय से ब्लैक मार्केटिंग की शिकायतें मिल



रही थीं, लेकिन सबूत नहीं मिल पा रहे थे. छापों के दौरान भी कई व्यापारी खुद को कर्मचारी बताकर बचते रहे. आगजनी में नुकसान झेलने वाले किरायेदार जब बीमे का दावा करने पहुंचे, तो पता चला कि दुकानें उनके नाम पर थीं ही नहीं. इसके बाद उन्होंने शपथपत्र देकर सच स्वीकार किया. अब तक मेले के लिए 1277 आवेदन मिल चुके हैं. आवेदन 21 नवंबर तक जारी रहेंगे. मेला प्राधिकरण ने कहा कोई भी दुकान ब्लैक में देता पकड़ा गया तो 1 लाख जुर्माना लगाया जाएगा.

### एक नजर में

## गांवों में जगह-जगह बिक रही शराब

**सिंगरौली 16 नवम्बर.** जिले के कई गांवों के किराना दुकान व ढाबों में धड़ल्ले के साथ देशी-विदेशी शराब की बि .क्री की जा रही है. आरोप है कि आबकारी अधिकारी एवं पुलिस का संरक्षण है. सबसे ज्यादा इन दिनों कर्थुआ एवं देवसर इलाका चर्चाओं में है. दरअसल जिले में अवैध शराब की बि .क्री कोई नई बात नही है. लेकिन इन दिनों आबकारी एवं पुलिस के संरक्षण में शराब का अवैध कारोबार काफी जोर पकड़ा हुआ है. जिला मुख्यालय बैढ़न के कई बस्तियों में धड़ल्ले के साथ पैकारी चलाकर शराब परोसी जा रही है. जबकि वर्ष 2022-23 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पैकारी पर रोक लगा दिया था. परंतु इसका पालन जिले में कहीं नही हो रहा है. आलम यह है कि शराब ठेकेदारों के इशारे पर पैकारी चल रही है. जिसके बारे में आबकारी एवं पुलिस भलीभांति जानते हुये ऑख बंद कर ले रही है.

## ऊर्जा मंत्री ने किया समस्याओं का निराकरण



**ग्वालियर, 16 नवंबर.** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अपने ग्वालियर रेसकोर्स रोड स्थित सरकारी कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान समस्याओं का त्वरित निराकरण किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर जरुरतमंद के चेहरे पर खुशहाली लाना प्रदेश सरकार का संकल्प है. इसकी पूर्ति के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे. उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए समस्याओं का समाधान निर्धारित समय सीमा में करने की बात कही. ऊर्जा मंत्री तोमर ने जन सुनवाई में आई जरुरतमंद महिलाओं को तत्काल राशन दिलाने के निर्देश के साथ ही वृद्धजनों की वृद्धावस्था पेंशन तथा मुफ्त इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश भी दिए. इस अवसर पर तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे इसके लिए हर जिला, तहसील स्तर पर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है. इस दिशा में सरकार सतत प्रयत्नशील है. उन्होंने दोहराया कि हर जरुरतमंद के चेहरे पर खुशहाली लाना ही हमारा लक्ष्य है.

## घर के अंदर मिली महिला की लाश

**भिंड, 16 नवंबर.** रौन थाना क्षेत्र के बौहारा गांव में एक महिला का शव मिला है. घर के अंदर महिला की लाश मिली हैं. लाश मिलने से कस्बे में सनसनी फैल गई है. महिला की मौत कैसे हुई, पुलिस जांच में जुटी है. रौन थाना पुलिस मौके पर पहुंची है .अर्चना देवी पति मलखान सिंह का शव घर के अंदर मिला है. पुलिस छानबीन में जुटी है. यह रौन थाना क्षेत्र के बौहरा गांव का मामला है.

## लाखों का गबन करने वाला डाकपाल गिरफ्तार

**सतना.** जैतवारा थाना पुलिस ने लाखों रुपए का गबन करने वाले डाकपाल को गिरफ्तार किया है. आरोप है कि डाकपाल ने शासकीय राशि 15,78,750.67 रुपए का गबन किया है. थाना प्रभारी उप निरीक्षक अभिषेक कुमार पांडेय के नेतृत्व में यह कार्रवाही की गई है. पुलिस के अनुसार, 13 नवंबर को रिपोर्ट हुई कि 21 जुलाई 2023 को उप डाकघर के डाकपाल बल्देव प्रसाद कोंदर पिता स्व. प्यारेलाल कोंदर (37) निवासी ग्राम गढ़ा थाना गुलगंज जिला छतरपुर तत्कालीन डाकपाल उप डाकघर जैतवारा ने शासकीय राशि 15,78,750.67 रुपए का गबन किया है. रिपोर्ट पर थाना जैतवारा में धारा 408, 409 आईपीसी के तहत आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया.

# अनदेखी पर तहसीलदार से कलेक्टर ने किया जवाब-तलब

▸ दिव्यांग आदिवासी महिला को अनसुना करने के आरोप पर

**श्योपुर, 16 नवंबर. हर मंगलवार को तीन-चार घंटे तक जनसुनवाई कर आमजन की तकलीफें गंभीरता से सुनते हैं, लेकिन इसी जिले में कराहल तहसील कार्यालय पर ऐसा दृश्य सामने आया.**

पुश्तैनी जमीन पर जबरन कब्जे से परेशान दिव्यांग आदिवासी महिला सावित्री बाई अपने बेटे की बहू के साथ तहसील पहुंची और तहसीलदार रोशनी शेख के पैरों पर गिरकर न्याय की गुहार लगाई. महिला का आरोप है कि शिकायत किए आठ दिन बीत चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में सावित्री बाई तहसीलदार से रोते हुए कहती दिख रही हैं, मैडम, हमारी जमीन बचा लीजिए, नहीं तो मैं अपनी जान दे दूंगी. महिलाओं का कहना है कि तहसीलदार ने ठोस आश्वासन देने के बजाय गाड़ी में बैठकर कार्यालय से निकलना उचित समझा. तहसीलदार ने अब संबंधित राजस्व निरीक्षक व पटवारी को जांच के निर्देश दिए हैं.

ग्रामीणों का कहना है कि अगर तहसील स्तर पर ऐसी बेरुखी रही तो जनसुनवाई जैसे कार्यक्रमों का असर जमीनी स्तर तक नहीं पहुंच पाएगा. इस मामले को लेकर कलेक्टर अर्पित वर्मा ने संज्ञान लिया है. तहसीलदार से जवाब तलब किया है.

## रेत से भरे ट्रैक्टर ने बाइक सवार को रौंदा, हुई मौत

**मुरैना.** देवगढ़ थाना क्षेत्र के नंदपुरा गांव में रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक बाइक सवार को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद आ.क्रोशित ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया और पुलिस पर रेत माफिया से मिलीभगत का आरोप लगाया. यह घटना देवगढ़ थाने के नन्द पुरा गांव में हुई. एक अज्ञात रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार रामलखन कुशवाह को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना से आ.क्रोशित ग्रामीणों ने मृतक का शव पुलिस को उठाने नहीं दिया. इसके बाद समझाइश के लिए थाना प्रभारी और ग्रामीणों में चर्चा हुई.

# घासमंडी फायरिंग : इनामी बदमाश गिरफ्तार, दो कट्टे व पिस्टल जब्त

**ग्वालियर, 16 नवंबर. घासमण्डी क्षेत्र में फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले और 10-10 हजार रुपये के इनामी चार फरार बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है.**

शातिर आरोपियों को शीतला माता मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से दो 315 बोर के कट्टे और दो पिस्टल सहित जिंदा राउंड भी जब्त किए गए हैं. विजयप्रताप सिंह और हाकिम पाल पर मिर्जापुर मस्जिद के पास छोटू कमरिया, कालू कमरिया, मनीष यादव, चेतन पाण्डेय, प्रियांशु और अन्नी उर्फ अनिल सहित अन्य बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से ताबड़तोड़ फायरिंग की थी, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आई थीं. इस जघन्य वारदात के बाद थाना ग्वालियर में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया था. थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत शर्मा को इन इनामी अपराधियों को पकड़ने का जिम्मा सौंपा गया था. उनकी टीम ने पहले ही तीन अन्य आरोपियों रिंकू कमरिया, अन्नी कमरिया उर्फ अनिल और राजीव उर्फ गुट्टे शर्मा को गिरफ्तार कर लिया था. फरार चल रहे शेष इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए निरीक्षक प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही थी. मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना प्रभारी प्रशांत शर्मा ने तत्काल अपनी टीम को शीतला माता मंदिर के पास भेजा.

**आयोजन** ▸ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पाञ्चजन्य सुशासन संवाद 2 .0 कार्यक्रम को किया संबोधित

# गरीब व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाना हमारा उद्देश्य

**भोपाल, 16 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पाञ्चजन्य समय से पहले सावधान करने और धर्म के मार्ग पर चलने का प्रतीक है।**

पाञ्चजन्य पत्रिका भारतीय विचार परम्परा का सशक्त संवाहक है और यह अपनी भूमिका का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ कर रही है. भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें प्राप्त पाञ्चजन्य और सुदर्शन चक्र सदैव अपने साथ रखा. यह दोनों प्रतीक उनके सम्पूर्ण व्यक्तित्व की विशिष्टता के रूप में सभी के मन मस्तिष्क में विद्यमान हैं. यह हम सबके लिए गर्व का विषय है कि



भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप में उज्जैनी के संदीपनि आश्रम में प्राप्त शिक्षा-दिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान रहा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव पाञ्चजन्य सुशासन संवाद 2.0 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे.

कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का राष्ट्रीय स्वयं संघ के सह कार्यवाह मध्य क्षेत्र श्री हेमंत मुक्तिबोध, प्रांत संघचालक श्री अशोक पांडे और पाञ्चजन्य के संपादक श्री हितेष शंकर ने सम्मान किया.

> **मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से की सौजन्य भेंट**
>
> मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार की शाम नई दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री डा. मनोहर लाल खट्टर से उनके आवास पर सौजन्य भेंट की. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय मंत्री डा. खट्टर को सिंहस्थ-2028 आयोजन से जुड़ी तैयारियों एवं अन्य प्रमुख परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंहस्थ क्षेत्र में अधोसंरचनात्मक विकास कार्यो और इसके विस्तार प्रस्तावों, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, शुचिता, नदी संरक्षण, पेयजल व्यवस्था, अस्थायी आवास निर्माण आदि विषयों के संबंध में केंद्रीय मंत्री को विस्तार से अवगत कराया. उन्होंने कहा कि सिंहस्थ-2028 को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का सर्वोत्कृष्ट आयोजन बनाने के लिए राज्य सरकार विभिन्न बहुआयामी योजनाओं पर काम कर रही है .मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं —स्वच्छ भारत अभियान, अमृत मिशन, स्मार्ट सिटी पहल, विद्युत परियोजनाओं और शहरी आधारभूत ढांचे से संबंधित अन्य योजनाओं की प्रगति की भी जानकारी दी.

# मतदाता सूची का सटीक होना लोकतंत्र की बुनियाद

▸ तीनों ब्लाकों में नवनियुक्त बीएलए का विस्तृत प्रशिक्षण

**सीधी, 16 नवंबर. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेशभर में निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने हेतु सिहावल विधानसभा तीनों ब्लाकों में नवनियुक्त बीएलए का विस्तृत प्रशिक्षण आयोजित किया.**

यह महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्य.क्रम पूर्व मंत्री एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल के मुख्य आतिथ्य में तथा जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह एवं सिहावल विधानसभा प्रभारी रविंद्र तिवारी



की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ. प्रशिक्षण का संचालन एवं प्रस्तुतीकरण संभागीय प्रवक्ता प्रदीप सिंह दीपू द्वारा किया गया.

प्रशिक्षण का तीन-स्तरीय आयोजन ब्लॉक सिहावल में सुबह 10.30 बजे, दीप पैलेस अमिलिया ब्लॉक बहरी में दोपहर 12.30 बजे सांडा भवन सभा कक्ष न्यू बस स्टैंड तथा ब्लॉक देवसर में दोपहर 2.30 बजे, जनसंपर्क कार्यालय देवसर में हुआ. अंतिम सत्र में एस आई आर के समुचित क्रियान्वयन, बूथ स्तर पर समन्वय, बीएलओ के साथ तालमेल, संगठन की जवाबदेही और रिपोर्टिंग के स्वरूप पर विस्तृत चर्चा की गई. पूर्व मंत्री एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल ने बीएलए साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची का सही और सटीक होना लोकतंत्र की बुनियाद है.